## खबर संक्षेप

### जालसाजों ने 16 लाख से अधिक की लगाई चपत

**कटनी।** जागरूकता अभियान चलाये जाने के बाद भी जिले में साइबर ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऑनलाइन फ्रॉड के दो अलग-अलग मामलों में जालसाजों ने दो लोगों को अपना शिकार बनाते हुए 16 लाख रुपये से अधिक की चपत लगा दी है। शिकायत मिलने के बाद संबंधित थाना पुलिस ने मामले दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। ऑनलाइन ठगी का पहला मामला एन.के.जे. थाना क्षेत्र का है जहां सत्येंद्र कुमार पटेल 38 वर्ष निवासी दुर्गा चौक को लाखों की चपत लगी। अज्ञात साइबर अपराधियों ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर सत्येंद्र कुमार पटेल के साथ 15,74,999 रुपये का बड़ा फ्रॉड कर दिया। फरियादी की शिकायत पर एन.के.जे. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह थाना क्षेत्र में भी धोखाधड़ी की घटना हुई। पुलिस के अनुसार रमाकांत तिवारी 35 वर्ष निवासी खेरवाकला को अज्ञात ठग ने झांसे में लेकर UPI के माध्यम से 68,764 रुपये की चपत लगा दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट मामला दर्ज किया है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन करने विधायक ने लिखा पत्र



**बड़वारा।** विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उन्नयन करने के वास्ते प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवम लोक स्वास्थ्य एवम चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिखकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उन्नयन करने की मांग की है।इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उन्नयन किये जाने की मांग की है। 1. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढीमरखेड़ा 2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कछारगांव बड़ा 3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलौंडी 4. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खमतरा 5. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भजिया शामिल हैं।

### चोरो ने 80 हजार नकद सहित सोने-चांदी के जेवरात किये पार

**कटनी।** बरही नगर में दिनदहाड़े हुई चोरी की बड़ी वारदात ने लोगों में दहशत फैला दी। खितौली मार्ग स्थित व्यापारी प्रमोद लखेरा के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और नकदी सहित लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार को प्रमोद लखेरा किसी कार्य से खितौली गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी बरही स्थित दुकान पर थीं। इसी दौरान सुबह करीब 11:30 बजे से शाम 5 बजे के बीच चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पीछे के दरवाजे का कुंदा काटकर घर में प्रवेश किया और अलमारी व पेटी के ताले तोड़ दिए। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर 80 हजार रुपये नकद, लगभग 10 से 15 तोला सोने के आभूषण (तीन हार, चूड़ियां, कंगन सहित अन्य जेवर) तथा करीब 5 से 6 किलो चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। शाम करीब 5 बजे जब प्रमोद लखेरा की पत्नी घर पहुंचीं तो पीछे का दरवाजा खुला मिला और घर का सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद तत्काल बरही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। घटना की सूचना मिलते ही नगर के व्यापारी बड़ी संख्या में बरही थाना पहुंचे। व्यापारियों ने पुलिस से शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग करते हुए कहा कि दिनदहाड़े हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## विधानसभा में गूंजा कटनी में शासकीय मेडिकल कॉलेज का मुद्दा, विधायक ने दागे सवाल

# उम्मीदों में वज्राघात: जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज की थी मांग, सरकार ने कहा कोई विचार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में कई वर्षों से सरकारी मेडिकल कॉलेज बनाये जाने की उम्मीद जनता लगाये बैठी थी। सालों के इंतजार के बाद नागरिकों की उम्मीद फलीभूत तो हुई लेकिन इस सौगात के मिलने की खुशी को सरकार ने किरकिरा बना दिया। जन भावनाओं के विपरीत जिले में पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। मेडीकल कॉलेज के पीपीपी मोड के मुद्दे पर कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक लखन घनघोरिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से विधानसभा सदन में उठाया।

श्री घनघोरिया ने आरकेडीएफ की पारिवारिक संस्था स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन से हुए अनुबंध पर भी सवाल उठाए,उन्होंने सरकार से पूंछा कि इस संस्था से जुड़ी कंपनियों पर क्या एसटीएफ ने फर्जी मार्कशीट के मुकदमे दर्ज किए है? क्या सरकार इनसे अनुबंध निरस्त पर विचार कर रही है? उन्होंने पूंछा कि ऐसी संदेहास्पद संस्था से अनुबंध से क्या जनता को कोई लाभ हो सकेगा?उन्होंने पूंछा की क्या यह संस्था शासन के पैसों से मेडिकल कॉलेज खोलकर अपने हितो को प्राथमिकता देगी? क्या कटनी जिले की जनता की माँग PPP मेडिकल कॉलेज नहीं शासकीय मेडिकल कॉलेज है?उन्होंने सरकार को बताया की कटनी में इस कॉलेज खोले जाने से जनता में रोष व्याप्त है।

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने जो जवाब दिए है वह कटनी के लिए अत्यंत निराशाजनक है। उन्होंने सदन में बताया की संस्था के विरुद्ध वर्तमान में कोई भी जांच एसटीएफ में नहीं चल रही है जबकि यह सर्विदित है एसटीएफ ने भोपाल पर आरकेडीएफ पर फर्जी मार्कशीट बनाने को लेकर प्रकरण दर्ज किया है और स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन उन्ही की पारिवारिक संस्था है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने जवाब में स्पष्ट किया है कि प्रदेश के प्राइवेट मेडिकल कॉलेज से भी जनता को लाभ मिलता है इस कारण यह शंका की यह संस्था द्वारा निर्मित शासकीय मेडिकल कॉलेज जनता का इलाज संजीदगी से नहीं करेगा यह शंका निर्मूल है। राज्य शासन ने यह निर्णय वित्तीय संसाधाओं के बेहतर उपयोग के लिए लिया है,सबसे निराशाजनक जवाब को स्वास्थ मंत्री ने दिया वह यह है की पीपीपी मोड के मेडिकल कॉलेज की जगह शासकीय मेडिकल कॉलेज पर कोई विचार नहीं है,वर्तमान में निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जनता में पीपीपी मोड पर खुल रहे शासकीय मेडिकल कॉलेज को लेकर कोई आक्रोश नहीं है।

### जनता के साथ हुआ छलावा, जनप्रतिनिधियों ने किये झूठे वादे



सरकार से आए जवाब पर कांग्रेस नेता दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने कटनी की जनता को छलने वाला एवं निराशाजनक बताया, कटनी के विभिन्न राजनातिक दल एवं कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने समय समय पर जनता को साथ लेकर शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले जाने को लेकर विभिन्न आंदोलन किए थे। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा एवं मुडवारा विधायक संदीप जयस्वाल ने भी जनता से समय समय पर शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले जाने को लेकर झूंठा वादा किया था। दिव्यांशु मिश्रा ने कहा सरकार के इस निर्णय का कांग्रेस पुरज़ोर विरोध करती है ज़ब संस्था संदेहहास्पद नहीं थी तो मुख्यमंत्री जी ने अपना भूमिपूजन का कार्यक्रम क्यो निरस्त किया?क्यो क्षेत्रीय नेतृत्व ने जनता को मेडिकल कॉलेज का सपना दिखाया? जनता के तमाम आंदोलन और प्रदर्शनों को सरकार ने नकारते हुए जो जवाब दिए है उसे लेकर छात्रहितों एवं जनहित में निरंतर लड़ाई लड़ी जाएगी।




## पौधेरोपण से भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण रहेगा बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गुरु पूर्णिमा पखवाडा अभियान अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन मे शुक्रवार को पौधेरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ विद्यार्थियों ने एक पेड़ गुरु के नाम के तहत पौधेरोपण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य गंगाराम राजपाल ने कहा कि हमें पेड़ की छांव चाहिए तो पौधे लगाने के लिए भी आगे आना चाहिए। इससे पर्यावरण की रक्षा भी हो सकेगी। पौधों से पर्यावरण भी शुद्ध भी रहेगा। हमें साफ हवा भी मिल सकेगी। वर्तमान में पेड़ बचाना बहुत जरूरी हो गया है। अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोग लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं लेकिन उनकी जगह नए पेड़ नहीं लगा रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा को लेकर सभी को पौधे लगाने के लिए आगे आना चाहिए। पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा हम जन्मदिन एवं किसी शुभ अवसर पर इस बात का संकल्प लें कि ऐसे विशेष अवसरों पर पौधरोपण जरूर करेंगे। इससे हमें यह सीख भी मिलेगी कि हमारा जीवन भी फूल की तरह सदैव खिलता रहे। पौधरोपण करने से ही प्रदूषण कम हो सकेगा। इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें। इस समय हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है। यदि हमने पौधे नहीं लगाए व उनका ध्यान नहीं रखा तो आने वाले समय में हमें आक्सीजन की कमी एवं अनेक बीमारियों से ग्रसित होना पड़ेगा। आज पृथ्वी पर लगातार पेड़ कटने की वजह से प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। अब भी समय है अधिकाधिक पौधे लगाकर हम पर्यावरण को बचा सकते हैं।

## प्राथमिक शालाओं में मरम्मत कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विद्यालयों में प्रगतिरत मेजर मरम्मत कार्यों को तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश शुक्रवार को जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार झा ने आधा दर्जन से अधिक प्राथमिक शालाओं में प्रगतिरत मेजर मरम्मत कार्यों का औचक निरीक्षण करते हुए निर्माण एजेंसी एवं तकनीकी अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराने प्रगति के दौरान खास रूप से निगरानी करने हेतु निर्देशित किया है। इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत सीईओ श्री झा ने प्राथमिक शाला कजलीवन,महगवां, मुहाई , सुपेली, तिगवां, रामनगर और अन्य गांव की प्राथमिक शालाओं में प्रगति गत मरम्मत कार्यों की प्रगति का अवलोकन कर पूर्णता हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उपयंत्री शाहिद सुल्तान, ग्राम पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायक मौजूद रहे।

### चाकू से किया कातिलाना हमला

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास पर बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से कातिलाना हमला कर दिया। इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र के टिकरवारा में शराब पीने के पैसे न देने पर दो युवकों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की वारदात हुई। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत बायपास मैगी प्वाइंट के सामने नीरज श्रीवास 35 वर्ष निवासी बरगवां पर अज्ञात हमलावर ने जान से मारने की नीयत से अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमलावर ने नीरज के पेट पर चाकू से वार किया, और जब उसने खुद का बचाव करने का प्रयास किया तो चाकू उसके हाथ की कलाई पर भी लग गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरवारा में रामकिशोर पटेल 58 वर्ष निवासी झुकेही के साथ गुंडा कोल और गोविंदा कोल दोनों निवासी मोहन नगर, टिकरवारा ने मारपीट की। आरोपियों ने रामकिशोर को शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब पीड़ित ने पैसे देने से इनकार किया, तो दोनों आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## विद्यालयों में आयोजित हुई स्वच्छ हाथ गतिविधि



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिका निगम कटनी की सहयोगी संस्था की आईईसी टीम द्वारा रोजाना शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत नागरिकों को डेंगू, मलेरिया एवं डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखने, घर एवं आसपास जलभराव न होने देने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। टीम द्वारा वार्डों एवं विद्यालयों में पहुंचकर स्वच्छता के महत्व के साथ-साथ मौसमी बीमारियों की रोकथाम से संबंधित आवश्यक जानकारी भी साझा की जा रही है। वार्ड क्रमांक 21 एवं 22 में घर-घर संपर्क अभियान चलाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण के महत्व तथा स्रोत पर कचरा अलग-अलग रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 21 स्थित सीएसपी हाई सेकेंडरी स्कूल, वार्ड क्रमांक 12 स्थित जोवियल स्कूल एवं एस. पब्लिक स्कूल में 'स्वच्छ हाथ' गतिविधि आयोजित कर विद्यार्थियों को हाथों की स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## मथुरा-वृंदावन के लिए आज रवाना होंगे तीर्थयात्री, व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत जिले के श्रद्धालुओं को मथुरा-वृंदावन की यात्रा के लिए शनिवार, 25 जुलाई को विशेष ट्रेन से रवाना किया जाएगा। यह ट्रेन शाम 6 बजे कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और 6:10 बजे सागर के लिए प्रस्थान करेगी। इस यात्रा में कटनी जिले के कुल 196 तीर्थयात्री शामिल होंगे।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के स्वागत एवं सुचारू व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। यात्रियों का स्वागत जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल से सम्मान, हेल्प डेस्क, टिकट वितरण काउंटर, बैरिकेडिंग, साउंड सिस्टम एवं बेहतर प्रकाश व्यवस्था की गई है। साथ ही स्टेशन परिसर में साफ-सफाई एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने हेतु खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, नगर निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, नगर निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम कटनी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जरूरत के अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। जिला प्रशासन ने नगर निगम, रेलवे, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित, यात्रा का अनुभव मिल सके।

## नशे के सेवन से व्यक्ति के साथ उसका भी परिवार हो जाता है बर्बाद, नशे से करें तौबा

*खो-खो खेल प्रतियोगिता से नशामुक्ति का दिया गया संदेश, नशा नहीं करने किया गया जागरूक*

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता बहोरीबंद मे शुक्रवार को आयोजित की!जिसमें बालक /बालिका 14,17,19 वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता मे ही पुलिस व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा नशा मुक्ति अभियान की जागरूकता जगाई गईं!इस दौरान खेल समन्वयक चेतना झा ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉप को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की आदत नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए संकट बन जाता है। नशे के कारण गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चे जागरूकता के सबसे प्रभावी माध्यम बन सकते हैं, क्योंकि उनकी बातों को परिवार में गंभीरता से सुना और माना जाता है।वही थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि समाज में व्यवहार परिवर्तन लाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री, भंडारण अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थी नशे के दुष्परिणामों एवं नशे से दूर रहने का संदेश अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों तक पहुंचाकर इस अभियान के सशक्त दूत बनेंगे। वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानेश कुलेश ने कहा कि वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ यह अभियान निरंतर संचालित किया जाएगा! उन्होंने कहा कि “जब समाज एकजुट होकर नशे के खिलाफ खड़ा होगा, तभी एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भविष्य का निर्माण संभव हो सकेगा। इस दौरान सी एस पांडे, जेपीजी संचालक पुनेश गर्ग,नोडल अमर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयार करें योजना

# अमृत की हर बूंद कीमती, वर्षा जल संचयन मॉडल का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा की प्रत्येक बूंद को भविष्य की जल सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा माधव नगर क्षेत्र का व्यर्थ बह जाने वाला वर्षा जल एसीसी खदान क्रमांक - 5 में सहेजने की दूरदर्शी पहल की है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा माधव नगर स्थित उक्त खदान का निरीक्षण कर वर्षा जल संग्रहण के इस मॉडल का अवलोकन किया। इस दौरान उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने कहा कि जल संरक्षण की यह अभिनव पहल मानसून में व्यर्थ बहने वाले वर्षा जल को संरक्षित कर ग्रीष्म ऋतु में नगर की पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### स्टॉप डैम से ओपन चैनल द्वारा खदान में पहुंचेगा वर्षा जल

निरीक्षण के दौरान उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि माधव नगर के 7-11 नाले से होकर बह जाने वाले वर्षा जल को रोकने के लिए पूर्व में निर्मित स्टॉप डैम से ओपन चैनल तैयार किया गया है। इस चैनल के माध्यम से वर्षा का पानी सीधे एसीसी खदान क्रमांक-5 में संग्रहित किया जा रहा है। इससे मानसून के दौरान व्यर्थ बहने वाला लाखों लीटर वर्षा जल भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जा सकेगा।

### बैराज ओवरफ्लो के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पहले से तैयार

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा कटाए घाट कटनी नदी स्थित बैराज के ओवरफ्लो वर्षा जल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भी पूर्व तैयारी कर ली की है। वर्षा जल के ओवर फ्लो होते ही नदी में स्थापित मोटर पम्प द्वारा अतिरिक्त वर्षा जल को खदानों तक पहुंचाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके लिए पूर्व में बिछाई गई पाइपलाइन का उपयोग कर संग्रहित रॉ वाटर को फिल्टर प्लांट तक पहुंचाया जाएगा, जिससे ग्रीष्म काल के दौरान पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्थल की व्यवस्थाओं और जल संरक्षण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को खदान के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से फेंसिंग कार्य कराने तथा आसपास के क्षेत्र में व्यापक पौधारोपण कराने के साथ ही एप्रोच रोड का निर्माण कराने के निर्देश दिए।

### पर्यटन केंद्र होगा विकसित

निगमायुक्त ने पर्यटन एवं प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु यहाँ आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास, सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन मिल सके।

### वैकल्पिक जल स्रोत के साथ भूजल स्तर में होगा सुधार

उपयंत्री श्री श्रीवास्तव ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर खदानों में संग्रहित वर्षा जल को आवश्यक शोधन प्रक्रिया के बाद नगर की पेयजल आपूर्ति में उपयोग किया जाएगा। इससे ग्रीष्म ऋतु में जल उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ-साथ भूजल स्तर में भी सुधार होगा। एसीसी खदान क्रमांक - 5 भविष्य में वर्षा जल संग्रहित होने से शहर के लिए एक सशक्त वैकल्पिक जल स्रोत के रूप में उपयोगी सिद्ध होंगी।

निगम प्रशासन ने बताया कि वर्षा जल की प्रत्येक बूंद अमूल्य है। यदि इसे बेहतर तरीके से संरक्षित किया जाए तो यही जल भविष्य में नागरिकों के लिए अमृत समान है।

## स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर. एल. चौधरी ने बताया कि संस्था के द्वारा संचालित प्री- स्कूल एवं शिक्षा कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्र मदारी टोला ( बड़वारा) ददरीटोला (विलयतकला) मगरधा ( रीठी) एवं जोवीकला में अध्ययनरत बच्चों की माताओं का निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण करते हुए इन्द्र कुमार साहू ( परियोजना अधिकारी) महिला एवं बाल विकास विभाग, बड़वारा एवं स्वास्थ विभाग बड़वारा से उपस्थिति डॉक्टरों, आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वयं की देखभाल, प्रोटीन युक्त भोजन ग्रहण करने आदि के विषय में जानकारी दी गई, तत्पश्चात बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अर्पिता प्यासी (सुपरवाइजर) महिला एवं बाल विकास, परवीन मैडम ( सुपरवाइजर) राजेश कुमार चौधरी, काशी विश्वकर्मा, बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल, माया गुप्ता, साध्वी जन कल्याण समिति से साध्वी निगम, सरोज बाई, गीता मिश्रा सहित समस्त कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## खबर संक्षेप



### आंगनवाड़ी केंद्रों में तिथि भोज का हुआ आयोजन

**बड़वारा।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बडवारा सेक्टर ,भुड़सा अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में तिथि भोज का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को पौष्टिक व्यंजन खिलाए गए एवं अभिभावकों को स्थानीय स्तर पर पोषण आहार की विविधता गुणवत्ता एवं साफ सफ़ाई के संबंध में जानकारी दी गई। पौष्टिक आहार खाने से शारीरिक विकास होने के साथ ही बौद्धिक विकास भी होता है। शारीरिक स्वस्थता एवम स्वच्छता जीवन मे अनिवार्य है शरीर स्वस्थ रहेगा तो तन मन भी स्वस्थ रहेगा। सेक्टर सुपरवाइजर रेशमा मेडम ने बताया कि समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में नन्हे मुन्ने बच्चों को पोषण आहार के साथ ही व्यंजन भी खिलाये जाते हैं।

### एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम अवसर

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 24 से 28 जुलाई, 30 जुलाई को मेरिट सूची जारी, 31 जुलाई को सीट आवंटन तथा 31 जुलाई से 3 अगस्त तक शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित किया जा सकेगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

### जिले में बीते साल से 48.7 फीसदी कम बारिश

**कटनी।** जिले में 1 जून से 24 जुलाई तक कुल 321.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 626.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 816.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 648.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 326.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 432.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 160.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 197.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 239.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 298.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 648.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 264.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### नुकसानी से बचने हेतु खरीफ फसलों का बीमा कराने केवल 7 दिन शेष

**कटनी।** खरीफ फसलों का बीमा कराने के लिए अब केवल 7 दिन शेष हैं। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने बदलते मौसम और अनियमित बारिश के कारण फसलों को संभावित नुकसान से बचाव हेतु सभी किसानों से अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराने की अपील की है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है। उप संचालक कृषि श्री खेलावन डेहेरिया ने उन्होंने कहा कि फसल बीमा से प्राकृतिक आपदाओं या प्रतिकूल मौसम के कारण होने वाली हानि की स्थिति में किसानों को शासन द्वारा निर्धारित लाभ प्राप्त हो सकेगा। विभाग के अनुसार खरीफ 2026 के लिए अधिसूचित फसलों पर किसान प्रीमियम दरें निर्धारित की गई हैं। इसके तहत धान (असिंचित) के लिए 630 रुपये प्रति हेक्टेयर, धान (सिंचित) के लिए 896 रुपये प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिए 620 रुपये प्रति हेक्टेयर, तुअर के लिए 700 रुपये प्रति हेक्टेयर और तिल के लिए 442 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम निर्धारित है।

---

**कलेक्टर ने कहा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कड़ाई से हो पालन**

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में लापरवाही नहीं बरतने हिदायत, जुर्माना के साथ होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा है कि स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल कटनी का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के विशेष प्रकोष्ठ की बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, होटल, अस्पताल, औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कचरा प्रबंधन को केवल सफाई व्यवस्था न समझें, बल्कि इसे पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य से जुड़े दायित्व के रूप में लें।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार और सहायक कलेक्टर



श्लोक वायकर मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक संस्था, प्रतिष्ठान एवं निकाय में गीले, सूखे, सेनेटरी एवं विशेष श्रेणी के अपशिष्ट का स्रोत पर ही शत-प्रतिशत पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना पृथक्करण के कचरा संग्रहण या परिवहन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

#### बल्क वेस्ट जनरेटर होंगे चिन्हित, पोर्टल पर अनिवार्य पंजीयन

कलेक्टर श्री तिवारी ने ने सभी नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी बल्क वेस्ट जनरेटर का चिन्हांकन कर उनका शीघ्र पंजीयन कराया जाए। होटल, अस्पताल, औद्योगिक इकाइयां, शैक्षणिक संस्थान, मॉल, मैरिज गार्डन, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा बड़े आवासीय परिसरों को नियमों के दायरे में लाकर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

#### कचरा फैलाने वालों के विरूद्ध मौके पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर श्री तिवारी ने नगरीय निकायों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और सड़कों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई नियमित रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

कलेक्टर ने सभी निकायों को निर्देश दिए कि जिले के सभी गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट और सेनेटरी वेस्ट स्थलों की मैपिंग कर समयबद्ध कार्रवाई के माध्यम से उन्हें समाप्त किया जाए। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उपयोगकर्ता शुल्क संग्रहण तथा वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन, स्थानीय निकाय, उद्योग, होटल, अस्पताल और आम नागरिक मिलकर ही स्वच्छ, कटनी का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सभी निकायों को वार्ड एवं स्थानीय स्तर पर समितियों का शीघ्र गठन कर नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर, विभिन्न विभागों के अधिकारी, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, उद्योग, होटल, अस्पताल एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# विक्रेता की नियम विरूद्ध नियुक्ति पर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏩ बड़वारा

विकासखंड अंतर्गत अमाड़ी-कांटी सहकारी समिति की उचित मूल्य राशन दुकान में विक्रेता पद पर बिना विज्ञापन, बिना आवेदन के सीधे "बैकडोर भर्ती" कर दी गई। आरोप है कि हटने वाले विक्रेता ने अपने पद पर सीधे अपने बेटे को बैठा दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, अमाड़ी-कांटी समिति में रामकृष्ण गौतम लंबे समय से विक्रेता थे। करीब 5 महीने पहले उनके पद छोड़ने के बाद शासकीय नियमों को दरकिनार करते हुए उनके पुत्र निलेश उर्फ छोटू गौतम को सीधे विक्रेता पद पर नियुक्त कर दिया गया।

नियम के अनुसार PDS दुकान में भर्ती के लिए मैरिट, खुली प्रतियोगिता और पारदर्शिता जरूरी है, लेकिन यहां पद को "पैतृक संपत्ति" की तरह बेटे को सौंप दिया गया।

#### विज्ञापन न सूचना

मध्य प्रदेश PDS नियंत्रण आदेश के तहत रिक्त पद पर भर्ती के लिए अखबार में विज्ञापन या ग्राम पंचायत व समिति के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा करना अनिवार्य है।लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि अमाड़ी कांटी पंचायतों में कहीं कोई सूचना नहीं दी गई। न अखबार में विज्ञापन निकला, न बेरोजगार युवाओं को आवेदन का मौका मिला। पूरी प्रक्रिया गुप्त रखकर चहेते को लाभ पहुंचाया गया।

#### ग्रामीणों में आक्रोश, जांच और नई नियुक्ति की मांग

इस फर्जी भर्ती की जानकारी लगते ही क्षेत्र में आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, सहकारिता विभाग और स्थानीय विधायक से मांग की है:1. इस अवैध नियुक्ति को तत्काल निरस्त किया जाए2. पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो.3. . नया विज्ञापन निकालकर विधि सम्मत पारदर्शी प्रक्रिया से योग्य युवाओं की भर्ती हो ग्रामीणों का कहना है कि हक मारकर की गई इस नियुक्ति से स्थानीय बेरोजगारों के साथ अन्याय हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि "सरकारी पद किसी की जागीर नहीं है। अगर नियमों से खिलवाड़ हुआ है तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और योग्य उम्मीदवारों को मौका मिलना चाहिए।

#### इनका कहना है

सहायक आयुक्त राज यशवर्धन कुरील का कहना है कि संबंधित की जानकारी मुझे व्हाट्सएप कर दीजिए। मैं दिखवाता हूँ।

---

**सीईओ ने निर्धारित पैरामीटर के बिन्दुओं पर की सघन जांच**

# विद्यालयों, छात्रावास और मॉडल स्कूल में उपलब्ध व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ ढीमरखेड़ा

छात्र-छात्राओं हेतु शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने डिजिटल शिक्षा के उपयोग में आने वाली सामग्री कंप्यूटर, टीव्ही टेब और क्यूआर कोड से अध्यापन कार्य की उपयोगिता को बढ़ावा दें।

इस आशय के निर्देश जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय बरेली रामपुर (ढीमरखेड़ा) एवं राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय सीनियर



बालक छात्रावास झिन्ना पिपरिया छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए शैक्षणिक अमले को दिये। उल्लेखनीय है कि छात्रावास एवं विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर स्वयं भी शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं को लेकर अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील होकर छात्रावास एवं विद्यालयों की सघन निगरानी कर रही हैं।

#### व्यवस्थाओं की ली जानकारी

जनपद सीईओ श्री कोरी ने छात्रावास में पलंग, दरी,चादर ,कंबल ,मच्छरदानी बिस्तर सामग्री, रसोईघर, स्नान गृह की साफ सफाई एवं डस्टबिन व्यवस्था, छात्रावास में निवासी विद्यार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, शुद्ध पेयजल एवं भोजन व्यवस्था सहित सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं और बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति की गहन जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने छात्रावासों की अधोसंरचना की मजबूती एवं अन्य प्रबंधन की व्यवस्थाओं के संबंध में शिक्षकों एवं स्टाफ से विस्तार से चर्चा की एवं शैक्षणिक गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। श्री कोरी ने जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित पैरामीटर के बिंदुओं पर सूक्ष्म निरीक्षण कर जानकारी ली।

इस दौरान शिक्षक, स्टाफ के अन्य सदस्य आदि मौजूद रहे।

---

## अतिक्रमण हटाने ननि ने की कार्रवाई, सामग्री जब्त



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा रामलीला मैदान के निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण हटाने के दिए गए निर्देशों के तत्काल बाद नगर निगम का अतिक्रमण अमला सक्रिय हो गया। निगम की टीम ने रामलीला मैदान पहुंचकर सार्वजनिक स्थल पर किए गए अतिक्रमण को हटाया तथा मौके पर अनधिकृत रूप से रखी गई लगभग 100 बोरी गल्ला एवं अन्य सामग्री का पंचनामा बनाकर सामग्री जब्त करने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि रामलीला मैदान एक सार्वजनिक उपयोग का महत्वपूर्ण स्थल है। मैदान में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा सामग्री रखकर सार्वजनिक उपयोग में बाधा उत्पन्न करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें तथा नगर की व्यवस्था एवं सौंदर्य बनाए रखने में सहयोग करें। निगम प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की नियमित एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

# मालवाहक में बैठाई थी 28 सवारियां, हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

निवार चौकी पुलिस ने यात्रियों की जान जोखिम में डालकर ओवरलोड वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 28 सवारियों से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। वाहन चालक के पास आवश्यक दस्तावेज भी नहीं मिले, जिसके बाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी संजय दुबे के निर्देशन में निवार चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा अपनी टीम के साथ वाहन जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पिकअप वाहन क्रमांक एमपी-20 जीबी-3329 को रोककर जांच की गई। जांच में पाया गया कि वाहन में क्षमता से कहीं अधिक 28 सवारियां बैठाई गई थीं, जिससे यात्रियों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ था।



वाहन चालक रोशन रजक (37 वर्ष), निवासी ग्राम पोंडी, थाना पाटन, जिला जबलपुर से वाहन के दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 66/192 एवं 52/192 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप में सवारियां इस तरह ठूंस-ठूंसकर बैठाई गई थीं कि कई लोगों के पैर वाहन से बाहर लटक रहे थे, जबकि कई यात्रियों को बैठने तक की पर्याप्त जगह नहीं थी। ऐसी स्थिति में किसी भी समय बड़ा सड़क हादसा हो सकता था। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं और यातायात नियमों का पालन करें। ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**विद्यार्थियों एवं नागरिकों के सुगम आवागमन के लिये ननि की पहल**

# हादसों को रोकने मुख्य मार्गों व स्कूलों के सामने लगाए जा रहे हैं स्पीड ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

नागरिकों की सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों एवं स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक शहर के विभिन्न मार्गों में लगभग 23 स्पीड ब्रेकर लगाने का कार्य कराया जा चुका है। यह कार्य अनवरत रूप से जारी है।

#### इन मार्गों में लगे स्पीड ब्रेकर

निगम प्रशासन द्वारा अब तक शहर के विभिन्न मार्गों मैहर रोड पुरैनी, ट्रांसपोर्ट नगर कुठला, कुठला थाना, इंदिरा नगर पन्ना तिराहा, कृषि उपज मंडी, नदी पार श्मशान घाट मोड, जगन्नाथ चौक,



नगर निगम कार्यालय के सामने, सहित स्कूली क्षेत्र सीक्रेट हार्ट स्कूल के सामने बस स्टैंड, सेंट पाल स्कूल के सामने सिविल लाइन, पाठक वार्ड सी एल पी स्कूल मार्ग एवं कुंदन दास स्कूल माधव नगर सहित नगर के अन्य विभिन्न मार्गों में स्पीड ब्रेकर लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

#### गति नियंत्रण से हादसों पर लगेगी रोक

नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य तेज गति से चलने वाले वाहनों पर नियंत्रण कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। विशेष रूप से व्यस्त मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से वाहन चालक गति धीमी करेंगे, जिससे पैदल चलने वाले नागरिकों को सुरक्षित आवागमन में सुविधा होगी। इस अभियान में स्कूलों के सामने वाले मार्गों को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

स्कूली समय में बच्चों के आने-जाने के दौरान तेज वाहनों से होने वाले हादसों को रोकने के लिए संबंधित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर स्थापित किए जा रहे हैं। इससे अभिभावक और शिक्षक भी निश्चिंत होकर बच्चों को स्कूल भेज सकेंगे।

नगर निगम प्रशासन ने कहा कि नागरिकों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। आगे भी सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की दृष्टि से नगर के संवेदनशील स्थानों का चिन्हांकन कर वहां आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे।

---

**निगमायुक्त ने घंटाघर एवं रामलीला मैदान के विकास कार्यों का किया निरीक्षण**

# रामलीला मैदान से अतिक्रमण हटाने निर्देश, गंदगी देख लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने घंटाघर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण करते हुए घंटाघर के सामने निर्माणाधीन सुलभ कॉम्पलेक्स, रामलीला मैदान एवं रामलीला मंच का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लगभग 64 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री रवि हनोते, जयेंद्र प्रताप सिंह सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान रामलीला मैदान, मंच परिसर तथा उसके आसपास अतिक्रमण एवं लोडर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग पाए



जाने पर निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अतिक्रमण शाखा को तत्काल प्रभाव से मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में अनियंत्रित पार्किंग पर रोक लगाने के लिए निर्धारित स्थानों पर कंक्रीट के बोलार्ड (पत्थर) लगाने के निर्देश भी दिए। पार्किंग व्यवस्था के स्थायी समाधान के लिए निगमायुक्त ने पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक समन्वय स्थापित करने की बात कही।

#### नोटिस जारी करने के निर्देश

स्थल पर गंदगी पाए जाने पर निगमायुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय दारोगा के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने रामलीला मैदान परिसर में खुले में शौच की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक



लगाने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी स्वास्थ्य अमले को दिए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने घंटाघर के नीचे स्थित ऐतिहासिक कुएं का भी अवलोकन किया तथा उसमें उपलब्ध जल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कुएं की क्षतिग्रस्त मुंडेर एवं दीवार की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ उनकी सुरक्षा एवं उपयोगिता बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास एवं सुधारात्मक कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

---

# लाल पहाड़ी पहुंचकर निगमायुक्त ने पौधारोपण तैयारियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

वर्षा ऋतु के आगमन के साथ नगर निगम कटनी द्वारा व्यापक पौधारोपण अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। नगर को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार स्वयं विभिन्न प्रस्तावित पौधारोपण स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा कर रही हैं तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रही हैं।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने लाल पहाड़ी पहुंचकर प्रस्तावित पौधा रोपण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधारोपण की तैयारियों, भूमि विकास कार्य एवं पौधों के संरक्षण संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

उपयंत्री श्रीमती मोना करेरा ने निगमायुक्त को अवगत कराया कि लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधारोपण के लिए करीब 9 हजार गड्ढों की खुदाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

इस पर निगमायुक्त ने शेष क्षेत्र में भी शीघ्र गड्ढों की खुदाई पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थल की समुचित फिनिशिंग करते हुए फेंसिंग कार्य का विस्तृत प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि पौधारोपण अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करना भी है। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था समय रहते पूर्ण की जाए, ताकि लगाए जाने वाले पौधों का बेहतर विकास हो सके और नगर में हरित आवरण का विस्तार हो।

## खबर संक्षेप

### बाईपास पर लोडिंग ट्रकों का कब्जा, घंटों जाम में फंस रहे राहगीर

**अमानगंज।** नगर के बाईपास मार्ग पर इन दिनों दोनों ओर बड़ी संख्या में लोडिंग ट्रकों के खड़े रहने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सड़क के दोनों किनारों पर ट्रकों की लंबी कतार लगने से मार्ग संकरा हो जाता है, जिसके कारण छोटे-बड़े वाहनों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई बार आमने-सामने से वाहन आने पर घंटों तक जाम लगा रहता है। राहगीरों, स्कूली बच्चों, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों को भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाईपास पर ट्रकों के स्थायी रूप से खड़े रहने से दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी रहती है। नगरवासियों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि बाईपास मार्ग पर अवैध रूप से खड़े लोडिंग ट्रकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए नियमित निगरानी की जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### अजयगढ़ के युवक राजा लोधी का निधन, माखनपुर में अंतिम संस्कार; क्षेत्र में शोक

**अजयगढ़।** अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम माखनपुर निवासी राजा लोधी (36 वर्ष), पिता श्रीपाल लोधी, का रोजगार के सिलसिले में राजस्थान में रहते हुए असमय निधन हो गया। इस दुखद घटना से माखनपुर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजा लोधी राजस्थान की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। विगत रात्रि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की सूचना माखनपुर स्थित परिजनों को मिली, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम माखनपुर लाया गया, जहां परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि दिवंगत राजा लोधी अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटियों को छोड़ गए हैं। कम उम्र में उनके असामयिक निधन से परिवार गहरे सदमे में है।

### बनवार बायपास बना उपेक्षा का शिकार

# सिर्फ एक किमी से भी कम सड़क की कमी जिससे खत्म हो जाता जाम और हादसों का डर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने वाला बनवार ग्राम का बहुपयोगी बायपास मार्ग आज भी उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। एक किलोमीटर से भी कम लंबाई का यह अधूरा हिस्सा न केवल विकास की राह में बाधा बना है, बल्कि ग्रामीणों के लिए परेशानी और जोखिम का कारण बन गया है।

ग्राम बनवार के बाहर से निकलने वाला यह बायपास मार्ग सीधे बांदकपुर रोड से जुड़ता है। यदि यह मार्ग पूरी तरह विकसित हो जाए, तो बनवार बस स्टैंड पर दिनभर रहने वाली भीड़भाड़ और जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। वर्तमान में बस स्टैंड क्षेत्र में लगातार यातायात का दबाव बना रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में यह बायपास सुरक्षित और वैकल्पिक मार्ग के रूप में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

यह मार्ग धार्मिक और क्षेत्रीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी रास्ते से श्रद्धालु सीधे बांदकपुर स्थित जागेश्वरनाथ धाम तथा जैन तीर्थ स्थल बड़े बाबा कुंडलपुर, पटेरा के रुक्मणी मठ तक आसानी से पहुंच सकते हैं। साथ ही यह मार्ग जबलपुर, हटा, हिंडोरिया, पटेरा, दमोह, कटनी, पन्ना और टीकमगढ़ जैसे जिलों को जोड़ने वाला एक सुगम और सुविधाजनक शॉर्टकट भी है।

विडंबना यह है कि पूरे मार्ग में केवल एक किलोमीटर से भी कम का हिस्सा कच्चा रह गया है, जो बारिश के मौसम में दलदल और कटाव से भरा खतरनाक रास्ता बन जाता है। हालत यह है कि इस हिस्से में वाहन चलाना जोखिम भरा हो जाता है और कई बार वाहन फंसने की स्थिति बनती है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से इस बायपास मार्ग पर सीसी सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार ने बताया कि रास्ता भले ही एक किलोमीटर से कम है, लेकिन बनवार बायपास के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण और बहुपयोगी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मार्ग को दुरुस्त करने के लिए पत्थर डलवाकर इसे वाहनों के चलने लायक बनाया जाएगा तथा बारिश के बाद ग्राम पंचायत द्वारा सीसी सड़क निर्माण के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार इस छोटे से अधूरे हिस्से को कब तक पूरा करते हैं और लोगों को जाम व हादसों के डर से राहत मिल पाती है या नहीं। फिलहाल बनवार का यह बायपास मार्ग विकास की उम्मीदों और अधूरे वादों के बीच खड़ा नजर आ रहा है।

## जनशिक्षक करते हैं समुदाय और विद्यालयों के बीच सेतु का कार्यः प्राचार्य डाइट



**हटा।** जिले के समस्त जनशिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में आयोजित किया गया जिसमें जनशिक्षकों को उनकी भूमिका एवं दायित्व के साथ-साथ समुदाय के साथ कैसे समन्वय स्थापित करना है विद्यालयों का नामांकन बढ़ाने की प्रक्रिया विद्यार्थियों के ठहराव की विधि एवं विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। शाला प्रबंधन समितियों को मजबूत कैसे करें, विद्यालय में आईसीटी का उपयोग कर कैसे शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकता है,आदर्श विद्यालय निर्माण में जनशिक्षकों की क्या भूमिका है, इको क्लब गठन,आसपास की खोज,टीम बिल्डिंग,साइबर सेफ्टी,पोक्सो एक्ट,भंडार क्रय नियम,वार्षिक कार्य योजना,दिव्यांग छात्र चिन्हांकन,21वीं सदी के कौशल आदि के बारे में जनशिक्षकों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्य एसके नेमा ने कहा कि जनशिक्षक वास्तव में विद्यालय और समुदाय के बीच की संयोजक कड़ी होता है जो समुदाय के साथ तालमेल स्थापित करने का कार्य करता है जो जनशिक्षक समुदाय के साथ जितना बेहतरीन समन्वय स्थापित करते हैं वह विद्यालयों के सुचारू संचालन में उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते है। वहीं सहायक प्राध्यापक आरपी विश्वकर्मा ने जनशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनशिक्षक वास्तव में समाज और विद्यालय के बीच में चेंज एजेंट की तरह कार्य करते हैं जो विद्यार्थियों के माध्यम से बदलावों को समाज में स्थापित करने का कार्य करते हैं। प्रशिक्षण समन्वयक माधव पटेल ने कक्षा की मॉनिटरिंग एवं मेंटरिंग, विद्यालय विकास योजना, वार्षिक कार्य योजना,वस्तु भंडार क्रय नियम लेखा एवं अप लेखन के दौरान ध्यान रखी जाने वाली बारीकियों से जनशिक्षकों को अवगत कराया।

## कार्य एवं संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**बटियागढ़।** राष्ट्रीय सेविका समिति खंड बटियागढ़ के तत्वावधान में जनपद केंद्र बटियागढ़ में सरसंघचालिका लक्ष्मीबाई ₹मौसी₹ केलकर को श्रद्धापूर्वक प्रणाम कर उनके योगदान का स्मरण किया गया। इस अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं के बीच समिति के कार्य का विस्तार कैसे हो तथा समाज में संगठन को अधिक प्रभावी बनाया जाए, इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज की आधी आबादी नारी शक्ति है। महिलाओं और बालिकाओं को संस्कारवान, गुणवान, धैर्यवान, चरित्रवान एवं शक्तिसंपन्न बनाने की दिशा में राष्ट्रीय सेविका समिति निरंतर कार्य कर रही है। बताया गया कि समिति का गठन वर्ष 1936 में मौसी केलकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में हुआ था, जो आज देश के गांव-गांव तक अपने कार्य का विस्तार कर चुकी है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड कार्यवाहिका धनवाई लोधी, कुर्मी महिला समाज की जिला अध्यक्ष माया पटेल, राजकुमारी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## 150 सिविल डिफेंस वालंटियर्स को दिया गया 7 दिवसीय प्रशिक्षण

**दमोह।** होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के निर्देशानुसार जिले में 16 जुलाई से 22 जुलाई 2026 तक सात दिवसीय सिविल डिफेंस वालंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पी.जी. कॉलेज, दमोह में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के 150 सिविल डिफेंस वालंटियर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की टीम ने प्रतिभागियों को नागरिक सुरक्षा, हवाई हमले की स्थिति में बचाव,



सी.एस.एस.आर, सी.पी.आर. तथा राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट रजनी खटीक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कम्पनी कमांडर प्राची दुबे, सैनिक चैन सिंह तथा एसडीईआरएफ टीम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का समापन 22 जुलाई को पी.जी. कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक जैन रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षित सिविल डिफेंस वालंटियर्स ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सभी 150 वालंटियर्स को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## नोहटा में जनसंवाद, एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने शुक्रवार को थाना नोहटा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखे।जनसंवाद के दौरान पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और जनता-पुलिस के बीच बेहतर संवाद से कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकता है।इसी अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस के ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान के तहत उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों और उसके सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी को स्वयं नशा न करने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, एसडीओपी तेंदूखेड़ा सुश्री अर्चना अहीर, उपनिरीक्षक अभिषेक पटैल, थाना प्रभारी नोहटा सहित थाना नोहटा का समस्त पुलिस स्टाफ एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सिंग्रामपुर में बनेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, क्षेत्रवासियों में खुशी



**सिंग्रामपुर।**

सिंग्रामपुर क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग को शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। लगभग 3 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने मिठाई खिलाकर मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का आभार व्यक्त किया।

सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने बताया कि सिंग्रामपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 8 बेड, एम्बुलेंस सहित आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र की 17 ग्राम पंचायतों के लोगों को इस स्वास्थ्य केंद्र का सीधा लाभ मिलेगा। अब सामान्य उपचार के लिए लोगों को जबेरा या दमोह नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक खर्च दोनों की बचत होगी तथा ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिलने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान भागचंद यादव, मुलायमचंद जैन, खड़क सिंह ठाकुर, भानु ठाकुर, रामेश्वर पटेल, चक्रेश जैन, अजय राय, सुनील शुक्ला, दुर्जन सिंह, कल्याण चौधरी, गोकल पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन व वृक्षारोपण किया



**पथरिया।** अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर आजाद भारत पार्टी मध्यप्रदेश के तत्वाधान में फलदार वृक्षों का रोपण व प्रदेश की जनहित की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम पथरिया को आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालो में राष्ट्रीय संयोजक रामरतन यादव, महासचिव सगीर खान, प्रदेश अध्यक्ष सरला चौबे, श्यामलाल पटेल, रामप्रसाद पटेल, धर्म सिंह एडवोकेट, कालूराम यादव, सीतारांम अहिरवार, राजकिशोर यादव, उम्मेद पटेल, छोटेलाल अहिरवार इत्यादि की उपस्थिति रही।

### बम्होरी पांजी के ग्रामीणों की चेतावनी

## बिजली समस्या का समाधान नहीं हुआ तो करेंगे शांतिपूर्ण आंदोलन



**तेंदुखेडा।** ग्राम बम्होरी पांजी के ग्रामीणों ने अपने गांव में लंबे समय से बनी हुई अनियमित विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सी जी गोस्वामी को सामूहिक शिकायत पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव नगर तेंदुखेडा से मात्र लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित होने के बावजूद नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति से वंचित है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बार-बार बिजली कटौती, कम वोल्टेज तथा घंटों तक बिजली बंद रहने की समस्या लगातार बनी हुई है। इससे किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, घरेलू उपभोक्ताओं तथा आम नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था, दैनिक कार्यों और बच्चों की पढ़ाई पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर ग्राम बम्होरी पांजी की विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण कराया जाए तथा समस्या का शीघ्र एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके। सामूहिक शिकायत में ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि उनकी समस्या का समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया जाता है, तो वे प्रशासन को पूर्व सूचना देकर संविधान एवं कानून के अनुरूप शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने तथा गांव की विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है।

## केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाला केंडल मार्च

**पन्ना।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस अब सड़कों पर चल पड़ी है पन्ना जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी ने केंउल मार्च निकालकर जहां केन्द्र में बैठी अहंकारी सरकार के विरोध में अपनी मांग कहीं न कहीं छात्र हितों को ध्यान में रखकर केंडल मार्च निकालकर यह संदेष दिया कि कांग्रेस पार्टी अब चुप बैठने वाली नहीं जब तक केन्द्रीय षिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता जब तक कांग्रेस अपने केन्द्रीय नेतृत्व को ध्यान में रखते हुये अपनी मांग को लेकर तरह-तरह से संघर्ष को लेकर तत्पर नजर आ रही है। निष्चिततौर पर जहां षिक्षा का तंत्र इस समय किन हालातों में पहुंच गया यह देखते ही बनता है। जहां परीक्षा संपन्न होने के पहले पेपर लीक हो जाते है वहीं नीट की परीक्षा पेपर किस तरह से जो आज कई बार जो हालात बने इसमें कई छात्र-छात्राओं ने अपना मानसिक संतुलन खोकर जो अपनी जान गवां दी यह सरकार की खामियां उजागर हुई नीट परीक्षा का विरोध जहां एक साजिस के तहत जिस तरह से जिम्मेदारों की परवाह न करते हुये अपने सुभचिंतों को किस तरह से सफलता वहीं पढने वालों को असफलता हांथ लगी वहीं युवा इस देष का जो अब चुप नहीं बैठा हालात केन्द्र सरकार के खिलाफ जिस तरह से संघर्ष को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में पढे-लिखे युवा अपनी मांग को लेकर संघर्ष के लिये जाने जा रहे है लाठियां भी पुलिस की खाई हालात इमरजेंसी से बतदर इनदिनों दिल्ली के हालात देखकर ऐसा महसूस किया जा रहा है कि इस देष में अब लोकतंत्र को लेकर चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। विरोध भी करना लाठियां खाने को लेकर माना जा रहा है। वैसे भी जिस तरह से बर्बता पूर्ण छात्र-छात्राओं के ऊपर दिल्ल पुलिस ने लाठियां चलाई जिसके चलते आक्रोष चारों तरफ पनप गया। वहीं कांग्रेस पार्टी ने विपक्ष की भूमिका अदा करने को लेकर जहां विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विगत दिवसों में पीएम आवास के सामने धरना दिया गिरफ्तारी दी संसद में भी केन्द्रीय षिक्षा मंत्री धर्मेन्द प्रधान के स्तीफे की मांग को लेकर अपना साफ रूख बयां किया। जब तक इस्तीफा नहीं तब तक कांग्रेस चुप नहीं नतीजा जिलों में भी कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्षन पन्ना जिला मुख्यालय में केंडल मार्च निकालकर केन्द्रीय षिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पन्ना हेलीपैड पर हुआ आत्मीय स्वागत

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को पन्ना जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पन्ना हेलीपैड पहुंचे। हेलीपैड आगमन पर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा भी साथ थे। इस अवसर पर पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, रविराज यादव द्वारा मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मेहगवां में एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान मुन्नू आदिवासी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मृतक की भाभी लक्ष्मी आदिवासी ने थाने में सूचना दी कि सुबह करीब 10 बजे वह घर से बाहर निकलीं तो देखा कि उनके जेठ मुन्नू आदिवासी गांव के पास एक खेत में लगे बिजली के खंभे से शर्ट के कपड़े के सहारे फंदे पर लटके हुए थे। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की।

# कांटी में अंग्रेजी का कालखंड नहीं लगने से बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

### पदस्थ अंग्रेजी शिक्षक को दूसरे स्कूल में किया अटेच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश की भाजपा सरकार बच्चों की बेहतरीन पढ़ाई के लिए नित नए तरीके अपना रही है ताकि बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मिल सके और किसी भी प्रकार से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसी उद्देश्य को लेकर शिक्षा संचनालय भोपाल द्वारा हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ई अटेंडेंस चालू की गई है लेकिन इसके बावजूद भी शिक्षक अपने स्वार्थसिद्धि के लिए अपनी कार्य प्रणाली से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही कुछ मामला हटा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल कांटी में देखने को मिला जहां पर अंग्रेजी विषय के शिक्षक द्वारा निर्धारित समय पर अपने शिक्षक ऐप पर ई अटेंडेंस लगाकर मडियादो विद्यालय पहुंचकर प्रभारी प्राचार्य का काम संभाल रहे है।

उल्लेखनीय कि हटा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल कांटी में अंग्रेजी विषय हेतु शिक्षक रवि शंकर दुबे पदस्थ हैं लेकिन इन्हें तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मडियादो हायर सेकेंडरी स्कूल का प्रभारी प्राचार्य बनाया गया था जिससे कांटी स्कूल में अध्यनरत कक्षा नवमी से 12वीं तक के सैकड़ो बच्चों की पढ़ाई पूर्ण रूप से प्रभावित हो रही है। छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बताया कि स्कूल प्रारंभ हुए दो महीना बीतने जा रहा है लेकिन स्कूल में एक भी दिन पदस्थ शिक्षक द्वारा अंग्रेजी का कालखंड नहीं लगाया गया जिससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। जबकि शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी शिक्षक को अन्य संस्था में अटैच नहीं किया जा सकता और जितने भी शिक्षक अटैक हैं उनको तुरंत वापस किए जाने हेतु आदेश जारी किया गया था लेकिन इसके बावजूद भी यहां के अधिकारियों द्वारा संचनालय के आदेश की अवहेलना की जा रही है।

### ई-अटेंडेंस अपने स्कूल में कार्यरत दूसरे स्कूल में

उल्लेखनीय है कि शिक्षण संचालनालय द्वारा विद्यालयों में समय पर उपस्थित होने हेतु अपने शिक्षक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है लेकिन कांटी में अंग्रेजी विषय के शिक्षक द्वारा रोजाना निर्धारित समय पर अपने ऐप पर ई अटेंडेंस डालकर मडियादो हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर प्रभारी प्राचार्य बनकर कार्य किया जा रहा है और निर्धारित चेक आउट के समय कांटी में पहुंचकर पुनः है अपनी चेक आउट अटेंडेंस डाली जा रही है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया से बात की तो उनका कहना था कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है शीघ्र ही अटैचमेंट समाप्त कर व्यवस्था बनाई जावेगी।

## खबर संक्षेप

### साध्वी निरंजन ज्योति 26 जुलाई को दमोह दौरे पर

**दमोह।** भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष (केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) साध्वी निरंजन ज्योति 26 जुलाई को मध्य प्रदेश के शासकीय दौरे के तहत दमोह पहुंचेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उनका दोपहर 12 बजे दमोह आगमन होगा। दमोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में आप कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण तथा अन्य कल्याणकारी उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगी।

### सांप काटने पर झाड़-फूंक से बचें, तुरंत अस्पताल पहुंचें

**दमोह।** बरसात के मौसम में स्नेक बाइट और डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन से सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचने की अपील की। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा जिले में स्नेक बाइट और डॉग बाइट के उपचार के लिए आवश्यक वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त वैक्सीन भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले, तो उसे बिना समय गंवाए तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाएं। उन्होंने सलाह दी कि जिस अंग में सांप ने काटा है, उसकी गतिविधि (मूवमेंट) कम से कम रखें और मरीज को अनावश्यक रूप से चलने-फिरने न दें। उन्होंने कहा झाड़-फूंक या अंधविश्वास के चक्कर में समय न गंवाएं, बल्कि डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही पूरा उपचार कराएं। उन्होंने डॉग बाइट के मामलों में भी गंभीरता बरतने की अपील करते हुए कहा कुत्ता काटने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय जांच और रेबीज रोधी टीकाकरण कराना आवश्यक है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया पौधरोपण

**दमोह।** ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इमलाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत द्वारा 6 पौधों को रोपितकिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाना तथा लोगों को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील नामदेव, ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन, हरीश पांडे, रमाशंकर अहिरवाल, योगेश सुमन व अन्य की उपस्थिति रही।

### सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न, दिए गए अहम दिशा-निर्देश

# हेलमेट कम्पलसरी, नई बन रहीं सड़कें मोड़ रहित हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



देश में एक जिला मध्य प्रदेश से निकले जो जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट में आ जाए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सड़क पर उतरे, इतना भर करने से ही यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित होने लगेगा। नियमों के पालन कराने के लिए कोई कलेक्टर, एसपी या चेयरमैन या न्यायाधीश की आवश्यकता नहीं है। इस आशय की बात उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति केअध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष दमोह में आयोजित सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किए।

इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला सेवा प्राधिकरण उषाकांता कृषाण, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी सहित समिति के सदस्यगण मौजूद रहे। न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने जिले में हुई दुर्घटनाओं का तुलनात्म्क अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा हम रिजल्ट चाहते हैं, काम आप सबको करना हैं। एक आदमी की मृत्यु उसके घर में देखे कितनी दिक्कत होती हैं, मृत्यु से ज्यादा परेशानी एक्सीडेंट से होती हैं, जब व्यक्ति सीवियर होने के बाद विषम परिस्थितियों में जिंदा रहता हैं, परिवार कितनी परेशानी उठाता हैं। हमें दूसरो की जान बचाना हैं, यह हमारा कर्त्तव्य हैं, हमें जान बचाने के लिए जागना होगा, 06 माह बाद फिर आकर आप सबने क्या किया उसका रिव्यू किया जायेगा। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा की हर महीने मीटिंग लेते हैं, उसे हर हफ्ते या पर-डे भी शाम को कुछ समय तय कर लेंगे तो मुझे लगता है कि काफी उसका फायदा होगा।

न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने बैठक में कहा हेलमेट के लिए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक आपके जितने भी सरकारी विभाग हैं, वहाँ इम्प्लीमेंट करें कि हेलमेट पहन के आना होगा। आपका जितना स्टाफ है, वह बिना हेलमेट के दफ्तर नहीं आएगा। जो आएगा, उसको आपको हाज़िरी देनी नहीं है। कंपल्सरी हेलमेट कर दिया जायें। जिले में जो NGOs काम कर रहे हैं, यहाँ कंपनियाँ उनके CSR फ़ंड से हेलमेट वितरण जन-जागरूकता के लिए किया जायें। उन्होंने कहा प्रत्येक गाड़ियों में high-security प्लेट, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। जो भी महाविद्यालय या स्कूल्स में हेलमेट का अनिवार्य किया जाये।

उन्होंने कहा हमें प्रयत्न करना चाहिए, उसके लिए कलेक्टर बनने की आवश्यकता नहीं है। इसको एक अपनी ऑर्डिनरी ड्यूटी जैसा मत लीजिए। एक परिवार का हिस्सा बनिये सड़क हादसे का शिकार बन रहे हैं उस हिसाब से जाँच कीजिए, दुर्घटनाए क्या कारण से हो रहे हैं, उसको यदि ध्यान दिया जायें, यदि कोई सुधार हो तो तत्काल किया जाए। अपन बचाने की कोशिश कर सकते हैं यदि अपन ने उसको इफ़ेक्टिवली एनफ़ोर्समेंट के साथ किया तो कुछ हद तक हम दुर्घटनाए रोक सकते हैं।

उन्होंने कहा मैंने फ़िगर देखे हैं, 6 महीने बाद फ़िगर मैं खुद बुलाऊँगा कि दिसंबर तक आप लोगों ने क्या किया, मेरी मीटिंग का कोई इफ़ेक्ट हुआ या नहीं हुआ।

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी उसका नाम भी सुप्रीम कोर्ट कमेटी ही रखा, क्यों? क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ही इसको अभी भी हर हफ्ते, हर 15 दिन, 1 महीने मेरे थ्रू इसको मॉनिटर करता है कि देश में क्या हो रहा है।

उन्होंने कहा विदेशों में वियतनाम, थाईलैंड, चाइना में हर व्यक्ति वहाँ हेलमेट पहन के गाड़ी चलाता है। हर रूल फॉलो कर रहा, हर व्यक्ति रूल फॉलो करता है। अब वह यदि कर रहे है, यदि लोग फॉलो करने लगे तो फिर सरकार को कुछ करने की जरूरत ही नहीं है। 758 जिले हैं, अभी तक मुझे एक भी ऐसा जिला नहीं मिला जो यह चैलेंज एक्सेप्ट कर सके कि zero fatality district में हमारा जिला काम करेगा।

उन्होंने कहा हम लोगों ने यह दायित्व दिया है, आप जितने लोग बैठे हैं, उनको यह दायित्व जो ड्यूटी दी है वह तो करें ही करें, उसके अलावा सबको रिक्वेस्ट करें, सबको बताएं, जागरूक करें कि यह करना चाहिए, वह करना चाहिए, तब जाकर काम होगा।

उन्होंने कहा कोशिश यह चल रही है पूरे देश में हर रोड के ऊपर सीसीटीव्ही कैमरे लगा रहे है। यह पूरी तरह ईलेक्ट्रानिकली होगा, ई-चालानिंग होगी, ई-कोर्ट होगा, वसूली होगी, सब होगा। उन्होंने कहा हेलमेट पहनने से मृत्यु दर कम हो सकती हैं, दोनो सवार पहनें तो डेथ में कमी आयेगी। दुर्घटना में मरने वालो की संख्या जिले में ज्यादा हैं, जागरूकता कैंपेन चलाये।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा सड़को से हटाकर गौवंश गौशालाओं में भेजे जा रहे हैं। साथ ही टीम की ओर से अध्यक्ष जी को आश्वस्त करता हूँ कि जो आपने निर्देश दिए हैं, हमें मार्गदर्शन दिया है, इसको फील्ड पे पूरा उतारेंगे और लगातार प्रयास करेंगे कि ज़ीरो जैसी स्थिति आपने बताई कि ज़ीरो की स्थिति लाना है, ज़ीरो न ला सकें तो कम से कम करने का प्रयास करेंगे। जो हेलमेट, रोड के डिज़ाइन में भी कई जगह प्रॉब्लम है, जो नए रोड बन रहे हैं हमने एजेंसी को भी निर्देशित किया है कि डिज़ाइन ऐसी बनाएँ कि उसमें इतना कर्व न हो कि विज़िबिलिटी खत्म हो जाए।

क्या उपाय किए गए

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने बताया साईन बोर्ड लगाये गए, जागरूकता कैम्पेन चलाये जा रहे है। जिले में 14 ब्लेक स्पॉट चिहिंत किए गये जिनमें शार्ट टर्म कार्य किये गए, भोपाल की मैनिट की टीम ने निरीक्षण कर रिपोर्ट दी हैं, उस पर काम किया जा रहा हैं। चालान किए जा रहे है। ड्रिंक एण्ड ड्राइव, ओवर स्पीड पर कार्यवाही लगातार की जा रही है।

यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने ब्लेक स्पॉट पर सुधार और कितने एक्सीडेंट सहित जिले में की जा रही कार्यवाहियों, दुर्घटनाओं की विस्तार से पॉवर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

### 1581 क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी उजागर

# 120 राशन दुकानों पर छापेमारी 44 दुकानों में मिली अनियमितताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में जनसुनवाई और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर प्रशासन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की 120 राशन दुकानों का एक साथ आकस्मिक निरीक्षण कराया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर गठित 120 दलों ने एक ही समय पर कार्रवाई करते हुए 44 दुकानों में गंभीर अनियमितताएं पकड़ीं। जांच में कुल 1581 क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी सामने आई। कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि संबंधित राशन दुकानों के संचालकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के तहत नोटिस जारी कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि हितग्राहियों को समय पर, सही मात्रा में और नियमित रूप से राशन उपलब्ध हो सके।

### 37 दुकानों में 10 क्विंटल से अधिक खाद्यान्न की गड़बड़ी

निरीक्षण के दौरान 37 राशन दुकानों में 10 क्विंटल से अधिक खाद्यान्न की हेराफेरी पाई गई। प्रमुख मामलों में मड़ियादो क्रमांक-2 में 185 क्विंटल गेहूं और 8 क्विंटल चावल, मोहरा में 140 क्विंटल गेहूं और 32 क्विंटल चावल, लरगुवां में 87 क्विंटल गेहूं और 27 क्विंटल चावल, सेवा सभा आंजनी में 63 क्विंटल गेहूं और 4 क्विंटल चावल, सहजपुर में 62 क्विंटल गेहूं और 15 क्विंटल चावल, सेवा सभा पोड़ी मानगढ़ में 56 क्विंटल गेहूं और 8 क्विंटल चावल, फुटेरा कला क्रमांक-1 में 45 क्विंटल गेहूं और 35 क्विंटल चावल, सुनकड़ में 42 क्विंटल गेहूं और 10 क्विंटल चावल, मराहार में 40 क्विंटल गेहूं और 10 क्विंटल चावल, किल्लाई में 33 क्विंटल गेहूं और 4 क्विंटल चावल तथा सतपारा में 32 क्विंटल गेहूं और 32 क्विंटल चावल की हेराफेरी सामने आई।

### पीओएस मशीन के स्टॉक से हुआ खुलासा

कलेक्टर ने कहा शासन की ऑनलाइन व्यवस्था के तहत प्रत्येक राशन दुकान का स्टॉक पीओएस मशीन में दर्ज रहता है। मशीन में प्रदर्शित स्टॉक और मौके पर उपलब्ध खाद्यान्न में अंतर पाए जाने पर उसे अनियमितता माना जाता है। कई दुकानों में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में भारी अंतर मिला, जिससे खाद्यान्न की हेराफेरी की पुष्टि हुई।

### उपभोक्ताओं से शिकायत दर्ज कराने की अपील

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी राशन दुकान से राशन प्राप्त करने में कठिनाई हो, कम मात्रा में राशन दिया जाए या अन्य कोई अनियमितता दिखाई दे, तो इसकी सूचना जनसुनवाई, फेसबुक पेज पर कमेंट या प्रशासन के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान दें। प्रशासन प्रत्येक शिकायत की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगा।

## आज मनाई जायेगी देवशयनी एकादशी

**तेंदूखेड़ा।** हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखने वाला देवशयनी एकादशी का पर्व शनिवार को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना और व्रत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस संबंध में पंडित बलराम शास्त्री छुल्लों वालो ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसी दिन से चातुर्मास की शुरुआत मानी जाती है। चातुर्मास की अवधि में धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, व्रत, दान-पुण्य और आध्यात्मिक साधना का विशेष महत्व बताया गया है। देवशयनी एकादशी को लेकर नगर के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, सजावट और पूजा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की आराधना के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी भी शुक्रवार को की जा चुकी है शुक्रवार बाजारों में भी पर्व को लेकर रौनक रही धार्मिक विद्वानों के अनुसार इस दिन श्रद्धालु उपवास रखकर भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और सुख-समृद्धि, शांति एवं परिवार के कल्याण की कामना करते हैं। मान्यता है कि देवशयनी एकादशी से शुरू होने वाला चातुर्मास देवउठनी एकादशी तक चलता है, जब भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं। नगर एवं क्षेत्र में भी देवशयनी एकादशी को लेकर धार्मिक उत्साह का माहौल है। विभिन्न स्थानों पर मंदिरों में विशेष पूजा, कथा एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में भी श्रद्धालु शनिवार को पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ भगवान विष्णु की पूजा कर पर्व मनाएंगे।

## सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति का हुआ स्वागत



**दमोह।** उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे का आज दमोह कलेक्टर कार्यालय में आगमन हुआ। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री सुभाष सोलंकी, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला सेवा प्राधिकरण उषाकांता कृषाण, सीजेएम स्नेहा सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट निलेश मुल्तकर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी सहित समिति के सदस्यगण ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

## तेजगढ़ के रिचकुडी के जंगल में मिला महिला कंकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तेजगढ़ थाना अंतर्गत रिचकुडी मार्ग के जंगल में अज्ञात महिला का कंकाल मिला हैं। बकरी चराने वाले ने हर्रई ग्राम के लोगों को कंकाल की सूचना दी। ग्राम के लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो कुल्लू वाली घाटी के उपर जंगल में लगभग 20 से 25 दिन पुराना महिला का कंकाल पडा था। थोडी दूरी पर सेंडिल पडी थी सलवार सूट पहने हुए महिला के गले में गमछा लिपटा था। पुलिस ने कंकाल को तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र भेजा हैं जहां आज सुबह पोस्टमार्टम किया जाएंगा। तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर रिचकुडी के जंगल में एक महिला का कंकाल मिला हैं आसपास के पुलिस थानों में सूचना भेज दी गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता हैं कि मौत किन कारणों से हुई हैं फिलहाल मामला कायम कर विवेचना जारी हैं।

# चंद्रशेखकर आजाद जयंती पर जयंती गौरव सम्मान समारोह भव्यता के साथ संपन्न




**दमोह।** पं चंद्रशेखर आजाद स्मृति मंच के तत्वाधान में 23 जुलाई 2026 गुरुवार,संध्या समय 3 बजे से स्थानीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम भवन में अजेय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद जी की 120 वीं जयंती भव्यता के साथ मनाई गई। जयंती गौरव समारोह में मुख्य अतिथि माननीय धर्मेंद्र भावसिंह लोधी जी स्वतंत्र प्रभार,संस्कृति,पर्यटन,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन के प्रतिनिधि श्री सत्येंद्र भावसिंह लोधी,सह मुख्य अतिथि माननीय गौरव रंजीता पटेल जी जिला पंचायत अध्यक्ष,विशिष्ट अतिथि मनीष पुष्पराज शर्मा हटा- वंशज क्रांतिकारी पं अर्जुन भारद्वाज राव साहब,अति विशिष्ट अतिथि मनीष तंतुवाय जिलापंचायत सदस्यष्सभापतिष जिला कृषि समिति,दमोह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर कुमार विद्यार्थी संयोजक युवक क्रांति संगठन मध्यप्रदेश,अति विशिष्ट अतिथि सहयोगी संस्था शब्दाक्षर मध्यप्रद के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष कवि डॉ श्री राजीव खरे जी के सानिध्य में आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ बबीता कृष्ण कुमार चैबे शक्ति सहित मुख्य संरक्षक दिनेश प्यासी महामहिमष्राष्ट्रपति, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार,युवा अतिथि कमलेश खरे ष्सिने अभिनेता मुंबईष मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती अर्चन के साथ पुरोहित पं प्रशांत शुक्ल,सरस्वती वंदना विमला तिवारी द्वारा सम्पन्न कराई गई। मुख्य वक्ता के रूप में साहित्यकार एवं विश्लेषक पं नरेंद्र दुबे ने वर्तमान समय में आजाद की प्रासंगिकता विषय पर प्रेरक उद्बोधन प्रदान किया। समिति की ओर से इस वर्ष यूथ आइकॉन अवॉर्ड से समाजसेवी अभितेंद्र रामसहाय राय को अलंकृत किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के साथ सम्मान समारोह के दौरान व्यक्तित्व सम्मान अलंकरण से सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ मयंक प्यासी,आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ सत्यम पटेल,गौसेवा के क्षेत्र में वैष्णवी गौ सेवा समिति के दीपक नेमा एवं समिति सदस्यों,निर्धन कन्याओं के निःशुल्क विवाह सेवा क्षेत्र में रवि ठाकुर एवं समिति कुम्हारी,प्रसूति महिलाओं में जागरूकता हेतु एक पहल मानवता की ओर थ्री सिस्टर्स,पर्यावरण संरक्षण हेतु कदम संस्था प्रमुख दीपक सेन,युवा हेल्प क्लब मध्यप्रदेश अध्यक्ष उमर खैयाम,बालकवि अनुज कुशवाहा हटा,बालकवि अक्षत चैबे को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। स्वागत उद्बोधन आयोजन समिति अध्यक्ष बबीता कृष्ण कुमार चैबे शक्ति ने एवं आयोजन की पृष्ठभूमि प्रस्तावना संबोधन दिनेश प्यासी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक आशीष तंतुवाय कबीर ने किया,आभार समिति के सचिव अक्षय दीक्षित ने व्यक्त किया। समिति सदस्यों प्रकाश गुड्डा पटेल, शशिकांत शशि,वीरेंद्र चक्रवर्ती,दीपक तिवारी,रवि प्रियदर्शन जैन,प्रदीप शर्मा ने विभिन्न मंचीय गतिविधियों में सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं,गणमान्य नागरिकों,अभिभावकों सहित सैकड़ों जनों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## छात्रों ने धरना प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज, पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को हटा नगर के बस स्टैंड सभा मंच पर छात्रों एवं समाजसेवी ने धरना प्रदर्शन कर अंधियारा बगीचा चौराहे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों के हितों की रक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करने की मांग की। नगर के मुख्य बस स्टेंड सभा मंच पर समाजसेवी दीनदयाल पटेल द्वारा छात्रों के साथ धरना पर बैठकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।धरना पर बैठे समाजसेवी दीनदयाल पटेल द्वारा बताया गया कि नीट पेपर लीक बेरोजगारी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं जैसे मुद्दे को लेकर धरना पर बैठे है।धरना में शामिल युवाओं द्वारा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफा की मांग की गई एवं युवाओं छात्रों के हाथों में तख्तियां लेकर अपनी विभिन्न मांगों को छात्रहित के समर्थन में भ्रष्टाचार के खिलाफ जिम्मेदार सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों पर हुए लाठी चार्ज मामले पर न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग रखी गई। वहीं धरना प्रदर्शन के बाद अंधियारा बगीचा पहुंचकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया।

# वन विभाग ने पटटे की जमीन छीनकर जबरन नर्सरी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



दमोह जिला मे कल की तरह आज भी गरीब,भोले-भाले, अनपढ़ आदिवासियों के साथ व्यवस्थागत इतिहासिक अन्याय, अत्याचार, शोषण, दमन जारी है। आज भी आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन एवं उनके सम्मान पूर्वक जीवन यापन करने के साधन एवं अवसर उनसे जबरन छल-कपट एवं बलपूर्वक,अवैधानिक तरीकों से आये दिन छीने जा रहे हैं। इस सम्बंध मे म. प्र. एकता परिषद के जिला समन्वयक सुजात खान ने बताया कि देश के आदिवासियों को आवास, कृषि एवं सामुदायिक निस्तार के अधिकार देने वर्ष 2006 मे बन कर देश मे लागू वनाधिकार कानून जिला दमोह में शासन-प्रशासन, जनजातीय विभाग , नौरादेही अभ्यारण्य प्रबंधन, पन्ना टाईगर रिजर्व बफर जोन प्रबन्धन एवं वन विभाग आदि के व्दारा एक मजाक बना कर रख दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता सुजात खान ने बताया कि ब्लॉक हटा के मढ़ियादो क्षेत्र की पंचायत बछामा के ग्राम उदयपुरा के निवासी मलखान गौड़ पिता पुन्ना, सोने गौड़ पिता दरबारी, गनपत गौड़ पिता हन्नू गौड़, किसना गौड़ पिता कलुवा आदिवासी को 11 सितंबर 2012 को उनके कब्जा नुसार वनाधिकार कानून के तहत विधिवत पीडीए सर्वे कराकर उन्हें व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र कृषि कार्य हेतु दिया गया था। उक्त भूमि पर ये आदिवासी विधिवत काबिज होकर उसके पूर्व से लगातार खेती भी कर रहे थे। एवं अपने परिवार के साथ सम्मान पूर्वक जीवन कर रहे थे। किंतु इस वर्ष पन्ना टाईगर रिजर्व बफर जोन प्रबन्धन एवं वन विभाग व्दारा इन आदिवासियों की पटटे मे मिली कृषि भूमि पर उन्हें गुमराह कर जबरन कब्जा कर लिया गया। साथ ही उनके वनाधिकार कानून के तहत विधिवत प्राप्त खेती की भूमि पर उल्टी सीधी धमकी देकर उस पर नर्सरी लगादी गई। यहाँ तक की किसना सिंह आदिवासी का अपने परिश्रम से खोदा गया कुंआं तक वन विभाग ने छीन कर अपने कब्जे मे ले लिया। इस तरह अपने बाप दादा के जमाने से अथक परिश्रम कर खेती लायक बनाई गई कृषि भूमि इन आदिवासियों से उसका वन पत्र होने के बाद भी जबरन, मनमानी,तानाशाही कर अवैधानिक तरीकों से वन विभाग व्दारा छीन ली गई। एवं उन्हें पटटे की काबिज भूमि से बेदखल कर आज दर-दर की ठोकर खाने विवश कर दिया गया। अर्थात आदिवासियों के साथ जिला मे इतिहासिक अन्याय जारी है।

वन विभाग का कहना है कि आपका पटटा कहीं और की वनभूमि का है। अर्थात वन विभाग स्वंय के व्दारा पूर्व मे कराये गये पीडीए सर्वे को आज इतने साल बाद जबरन एवं मनमाने ढंग से वन विभाग ही गलत ठहरा रहा है। वन विभाग कह रहा है कि हम आदिवासियों को दूसरी जगह ऊबड़- खाबड़, बंजर, कंकण पत्थर युक्त पथरीली जमीन देने तैयार है। याने कृषि योग्य पटटे की भूमि इन भोले-भाले आदिवासियों को अब छोड़ना होगी। वनाधिकार पत्र पीड़ित आदिवासियों एवं म. प्र.एकता परिषद ने कलेक्टर दमोह, डीएफओ एवं जनजातीय विभाग दमोह से पीटीआर प्रबन्धन एवं वन विभाग के इस अन्याय पूर्ण कृत्य पर तत्काल रोक लगाने एवं प्रभावित आदिवासियों की कानून के तहत विधिवत मिली खेती की जमीन लौटाने की पुरजोर मांग की है। साथ ही समस्या समाधान के अभाव में आन्दोलन की चेतावनी भी दी है।